**अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न**

**कौन सा ऑफर दिया जा रहा है ?**

- एसबीआई डेबिट कार्डों पर तत्काल 10% की छूट ।

**ऑफर की अवधि क्या है ?**

- 28 अक्तूबर 2021 ( अर्धरात्रि 00.00 बजे) से 3 नवंबर 2021 (23:59 बजे ) तक
- फ्लिपकार्ट प्लस सदस्यों के लिए विक्री 27 अक्तूबर 2021 को अर्धरात्रि 0:00 बजे से आरंभ होगी और 3 नवंबर 2021 को 23: :59 तक बिक्री चालू रहेगी।

**इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए किन अन्य शर्तों को पूरा किया जाना है ?**

- किराना वस्तुओं को छोड़कर निवल कार्ट मूल्य अर्थात पात्र उत्पादों का कुल कार्ट मूल्य 5 ,000 भारतीय रुपयों के बराबर या इससे अधिक होना चाहिए । किराना वस्तुओं के मामले में निवल कार्ट मूल्य 2, 000 भारतीय रुपयों के बराबर या इससे अधिक होनी चाहिए।
- नामे ईएमआई लेनदेनों पर ऑफर लागू नहीं है।
- प्रति कार्ड अधिकतम छूट नीचे दी गयी तालिका के अनुसार होगी:

| **लागू श्रेणी** | **न्यूनतम लेनदेन मूल्य** | **27 से 30 अक्तूबर 2021 तक** | **31 अक्तूबर से 3 नवंबर 2021 तक** |
|---|---|---|---|
| सभी श्रेणियाँ ( किराना वस्तुओं को छोड़कर) | ₹ 5, 000 | ₹ 500 | ₹ 500 |
| किराना वस्तुएँ | ₹ 2000 | ₹ 250 | ₹250 |
| **समस्त फ्लिपकार्ट प्लैटफ़ार्म पर कुल बचत** | | **₹ 500** | **₹ 500** |

- यात्रा पर ऑफर का लाभ उठाने के लिए ग्राहक को चाहिए कि वे प्रोमो कोड “FLYDIWALI’ एंटर करें। यात्रा की बुकिंग के लिए एसबीआई द्वारा दी जा रही छूट की गणना निवल देय राशि में से सुविधा शुल्क को घटाने के बाद शेष राशि पर की जाती है। कार्ट का मूल्य ₹ 5,000 हो तो, उसमें बुकिंग प्रभार /सुविधा शुल्क शामिल नहीं होने चाहिए।
- यदि ग्राहक ऑफर की अवधि के दौरान दिये गए ऑर्डर के किसी/सभी उत्पादों को लौटा देता है और इस कारण वह ऑफर का लाभ उठाने के लिए यथाअपेक्षित न्यूनतम क्रय मूल्य की शर्त को पूरा नहीं कर पाता है तो वह इस ऑफर के लिए पात्र नहीं होग। तदानुसार , इस ऑफर के अंतर्गत प्राप्त की गई छूट की राशि लौटाए गए उत्पाद (दों ) के लिए हिसाब लगाई गई धन वापसी (सियों) की किसी भी राशि से काट ली जाएगी।
- यदि कोई ऑर्डर रद्द किया जाता है तो रिफ्रेश होने में 24 घंटों से अधिक का समय लग सकता है , जिसके बाद ही ग्राहक पुन: इसका उपयोग कर सकता है।

**मैं कैसे इस बात की जांच करूँ कि कोई भी उत्पाद पात्र उत्पाद है या नहीं ?**

- ऑफर सभी श्रेणियों के लिए उपलब्ध है। तथापि,  यह ऑफर चयनित उत्पादों की खरीदी पर लागू नहीं होगा। कृपया खरीदी करने के पूर्व  जांच करें कि उक्त ऑफर प्रॉडक्ट पेज पर सूचीबद्ध है या नहीं ।
- छोड़ दिए गए उतपदों की सूची के लिए  कृपया विस्तृत शर्तों और निबंधनों का संदर्भ लें।
- प्री –बुक्ड डील के अंतर्गत प्री  –बुक डील या उतपदों पर यह ऑफर लागू नहीं है।

**क्या सभी एसबीआई डेबिट कार्डों पर यह ऑफर लागू है ?**

- नहीं कारपोरेट कार्डों पर यह ऑफर उपलब्ध नहीं है।

**यदि मैं  फिपकार्ट गिफ्ट कार्ड से आंशिक रूप से राशि का भुगतान करता हूँ तो क्या मुझे यढ़ ऑफर प्राप्त होगा?**

- जी हाँ  आप इस ऑफर का लाभ उठा सकते हैं और यह ऑफर केवल पात्र उतपद (दों)  क एलिए एसबीआई डेबिट कार्ड के जरिए अदा की गई राशि के लिए ही लागू होगा। साथ ही यह राशि किराना वस्तुओं को छोड़कर ₹ 5,000 के बराबर या इससे अधिक होनी चाहिए। किराना वस्तुओं पर यह राशि ₹ 2,000 के बराबर या अधिक होनी चाहिए।

**यदि मैं फोनपे के जरिए एसबीआई डेबिट कार्ड का उपयोग करके भुगतान करूँ तो क्या मुझे यह ऑफर प्राप्त होगा?**

- नहीं यह ऑफर फोनपे भुगतान विकल्प के जरिए एसबीआई डेबिट कार्ड से किए गए भुगतानों पर लागू नहीं होगा।

**इस ऑफर के लिए कितनी बार आवेदन किया जा सकता है ?**

- लेनदेनों  की संख्या पर कोई सीमा नहीं है। तथापि,  आप ऑफर की अवधि के दौरान प्रति कार्ड ₹ 1,000 की अधिकतम छूट प्राप्त कर सकते हैं।
- ₹ 1,000 की अधिकतम छूट समूचे फ्लिपकार्ट प्लैटफ़ार्म पर संचयी छूट है( फ्लिपकार्ट, किराना, क्विक और यात्रा)

**शर्तें और निबंधन**

**प्राथमिक**

- यह ऑफर ("ऑफर") www.flipkart.com, फ्लिपकार्ट मोबिल एप्प और फ्लिपकार्ट मोबिल साइट ( जिसे समूहिक रूप से "प्लैटफ़ार्म" कहा जाता है) , इस प्लैटफ़ार्म का स्वामित्व और परिचालन फ्लिपकार्ट इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड (फ्लिपकार्ट , हम या हमारा) द्वारा किया जाता है, पर एसबीआई (भारतीय स्टेट बैंक) और फ्लिपकार्ट अडवांज प्राइवेट लिमिटेड ("फ्लिपकार्ट आड़वांज) द्वारा सह-प्रायोजित है। यह ऑफर वैध एसबीआई डेबिट कार्ड (कार्डधारक) रखनेवाले सभी भारतीय निवासियों  के लिए उपलब्ध है।
- इस ऑफर (नीचे वर्णित)  का लाभ उठा रहा कार्डधारक निम्नलिखित द्वारा बाध्यकारी होने के लिए सहमति देता है:
  - इन शर्तों और निबंधनों द्वारा (टी एंड सी) :

- उपयोग की शर्तें, निजता नीति और अन्य संगत प्रलेखन जिसमें कोई भी आशोधन , परिवर्धन और किसी भी नवीनीकरण जोकि प्लैटफ़ार्म पर प्रकाशित किए जाएँ ; और
- एसबीआई की सभी लागू शर्तें और निबंधन

## ऑफर के विवरण

1. इस प्रोग्राम (टर्म) की वैधता 28 अक्तूबर( 00:00 बजे) से 3 नवंबर, 2021 (23:59 बजे) तक है। फ्लिपकार्ट प्लस सदस्यों के लिए बिक्री 27 अक्तूबर को 00:00 बजे से आरंभ होगी और 3 नवंबर, 2021 को 23:59 तक चालू रहेगी।
2. इस ऑफर के अधीन एसबीआई डेबिट कार्ड धारक ('कार्डधारक') एसबीआई डेबिट कार्डों ('कार्ड') का उपयोग करके की गई खरीदी के लिए अवधि के दौरान सभी श्रेणियों के लिए 10% की तत्काल छूट के लिए पात्र हैं।
3. यह ऑफर www.flipkart.com, m.flipkart.com और फ्लिपकार्ट एम एप्प (मोबिल एप्लिकेशन) पर लागू है।
4. नेट बैंकिंग पर यह ऑफर लागू नहीं है।
5. उपयोगकर्ता असीमित लेनदेनों के लिए इस ऑफर का लाभ उठा सकता है । तथापि, ऑफर की अवधि के दौरान प्रति कार्ड अधिकतम छूट ₹ 500 है। प्रति कार्ड ₹ 500 की अधिकतम छूट फ्लिपकार्ट (फ्लिपकार्ट, किराना, क्विक, यात्रा) के सभी फ्लिपकार्ट प्लैटफ़ार्म पर संचयी छूट है।
6. यह ऑफर निम्नलिखित के लिए लागू नहीं है :
   - शिशु दुग्ध विकल्प, पीलने की बोतल या शिशु आहार
   - चयनित गोदरेज फ़र्निचर ऊटपाद
   - जीवन बीमा
   - चयनित मोबाइल उत्पाद
7. यदि ग्राहक फ्लिपकार्ट गिफ्ट कार्ड का उपयोग करते हुए आंशिक भुगतान कार्ट अहै तो ऐसी स्थिति में यह ऑफर कार्ड का उपयोग करके अदा की गयी निवल राशि पर लागू होगा। । साथ ही यह राशि किराना वस्तुओं को छोड़कर ₹ 5,000 के बराबर या इससे अधिक होनी चाहिए। किराना वस्तुओं पर यह राशि ₹ 2,000 के बराबर या अधिक होनी चाहिए।

## अन्य शर्तें और निबंधन

1. सभी कार्डधारक, जिसमें एसबीआई कारपोरेट कार्ड शामिल नहीं है, जिनके संबंध में बकाया 30 दिनों से अधिक नहीं है, इस ऑफर के लिए पात्र हैं।
2. यह ऑफर इंटरनेट बैंकिंग /फोन पे भुगतान विकल्प का उपयोफ करके किए गए लेनदेनों के लिए लागू नहीं हैं।
3. यह ऑफर कार्ड-ऑन डेलीवेरी लेनदेनों या जो लेनदेन कैश ऑन डेलीवेरी से प्रे पैड में परिवर्तित किए गाय एहओन, उन पर लागू नहीं होंगे।
4. आपके आदेश के रद्द हो जाने की स्थिति में, उक्त लेनदेन इस ऑफर के पात्र नहीं होंगे। यदि आप अपने आदेश के एक अंश को रद्द कर देते हैं तो आप इस ऑफर के लिए आपके द्वारा किए गए निवल भुगतान के आधार पर इस ऑफर के लिए पात्र होंगे।

5. एसबीआई/ फ्लिपकार्ट अड़वांज के पास, उक्त ऑफर के अधीन लाभ प्राप्त करने लिए या अन्यथा कार्ड के उपयोग द्वारा ऑफर का लाभ उठाने के लिए किसी भी धोखाधड़ीपूर्ण कार्यकलाप किए जाने का पता चलता है तो इस ऑफर के लाभों को प्राप्त करने से कार्डधारक (को) को अयोग्य ठहराने का अधिकार सुरक्शित होगा।
6. इस ऑफर का लाभ उठा रहे किसी भी व्यक्ति के संबंध में यह माना जाएगा कि उसने इन शर्तों और निबंधनों को स्वीकार कर लिया है।
7. एसबीआई, फ्लिपकार्ट अड़वांज और फ्लिपकार्ट के पास यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वे किसी भी समय, बिना कोई पूर्व सूचना दिए और कोई भी कारण बताए बगैर इन शर्तों और निबंधनों में जोड़ें/ परिवर्तन करें/ आशोधन करें/बदलाव करें या इन सहरतों और निबंधनों को बादल दें या इस ऑफर के स्थान पर पूर्ण रूप से आंशिक रूप से अन्य ऑफर दें, यह नया ऑफर इस ऑफर से मिलता-जुलता हो सकता है, मिलता-जुलता नहीं भी हो सकता है या इसकी अवधि बढ़ा सकता है या इसे पूरी तरह वापस ले सकता है।
8. चूककर्ता और तय सीमा से अधिक का उपयोग करनेवाले कार्डधारक इस ऑफर के पात्र नहीं होंगे।
9. कार्डधारक इस ऑफर में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार से बाध्य नहीं हैं। कोई भी सहभागिता स्वैच्छिक है और और यह ऑफर श्रेष्ठतं प्रयास के आधार पर दिया जा रहा है।
10. यहाँ पर कही गई कोई भी बात एसबीआई/ फ्लिपकार्ट, अड़वांज द्वारा और भी इसी प्रकार या अन्य ऑफर देने की कोई प्रतिबद्धता को नहीं दर्शाती है।
11. उपर्युक्त ऑफर केवल एसबीआई डेबिट कार्ड धारकों के लिए विशेष ऑफर के रूप में है और यहाँ पर कही गयी कोई भी बात कार्ड सदस्यता करार पर कोई प्रतिकूल प्रबहाव/प्रभाव नहीं डालेगी । उपर्युक्त योजनाओं की शर्तें कार्ड सदस्यता करार में ड़ी गई शर्तों के अलावा होंगी, न कि उनके विरोध में।
12. आप जान और समझ चुके हैं कि फ्लिपकार्ट एसबीआई और फ्लिपकार्ट अड़वांज के साथ इस ऑफर के प्रयोजन के लिए और अपने उत्पादों और सेवाओं के लिए आपकी पात्रता की जांच करने के लिए एसबीआई के साथ उपलब्ध आपके लेनदेन संबंधी डाटा को साझा कर सकता है और इस ऑफर में सहभागिता करके आप इन प्रयोजनों के लिए अपने डाटा को साझा करने के लिए पूर्ण सहमति देते हैं।
13. इस ऑफर के संबंध में किसी भी प्रश्न पर 2 दिसंबर, 2021 तक ही विचार किया जाएगा। इस तारीख के बाद एसबीआई, फ्लिपकार्ट अड़वांज और फ्लिपकार्ट इस ऑफर के संबंध में किसी भी व्यक्ति से किसी प्रकार के पत्राचार या संसूचना पर विचार नहीं करेगा।
14. एसबीआई / फ्लिपकार्ट / फ्लिपकार्ट अड़वांज इस ऑफर के तहत प्रस्तुत किए जा रहे किसी भी उत्पाद या ब्रांड का समर्थन नहीं करते हैं और वे एसे उत्पादों की गुणवत्ता, व्यापारिकता, योग्यता, सुपुर्दगी या इन उत्पादों के विक्रय उपरांत सेवा के बार में कोई देता स्वीकार नहीं करते हैं, जोकि उक्त प्लैटफ़ार्म पर विक्रेताओं की एकमात्र देयता होगी।
15. सभी विद्यमान ऑफर, उपहार, छूट आदि, जोकिऑफर किए जा रहे हैं, इस विशिष्ट ऑफर के भाग के रूप में कार्डधारकों द्वारा प्राप्त किए जा सकते हैं, जैसा कि संसूचना में उल्लिखित किया गया है।
16. इस संसूचना में प्रदर्शित उत्पादों के चित्र, जोकि ग्राहक को मैलर द्वारा भेजे गए हैं या वेबसाइट पर विज्ञापित किए गए हैं वे केवल प्रतीकात्मक हैं और वे वास्तविक उत्पादों से मिलते-जुलते नहीं हैं। कोई भी पक्षकार किसी भी परिस्थिति में इसके लिए जवाबदेह नहीं होगा।
17. इस ऑफर के अंतर्गत प्रस्तुत किए जा रहे उत्पाद उक्त प्लैटफ़ार्म पर सहभागिता कर रहे संबंधित व्यापारियों/ विक्रेताओं से उपलब्धता की शर्त के अधीन हैं और तदानुसार एसबीआई , फ्लिपकार्ट अड़वांज

या फ्लिपकार्ट किसी भी परिस्थिति में इन उत्पादों में किसी भी के अनुपलब्धता के लिए ज़िम्मेवार नहीं होगा।

18. किसी भी परिस्थिति में इस ऑफर के अंतर्गत प्रस्तुत ऑफर/ छूट का निपटान एसबीआई या फ्लिपकार्ट या फ्लिपकार्ट अड़वांज द्वारा इनके बदले में नकद देकर नहीं किया जाएगा।
19. वापस किए गए लेनदेन, विवादित या अप्राधिकृत/ धोखाधडीपूर्ण लेनदेनों पर इस ऑफर के प्रयोजन हेतु विचार नहीं किया जाएगा।
20. एसबीआई और फ्लिपकार्ट अड़वांज विक्रेता (ओं) द्वारा उतपदों/सेवाओं पर दिये जा रहे अतिरिक्त लाभों के संबंध में कसी बी वैधता या स्वीकार्यता के बारे में किसी भी प्रकार के पत्राचार पर विचार नहीं करेंगे और वे विशेष रूप से ऐसे विक्रेता(ओं) की जिम्मेवारी होगी और वे ही परिणामों के लिए ज़िम्मेवार होंगे और इस संबंध में एसबीआई या फ्लिपकार्ट अड़वांज को संदर्भित नहीं किया जाएगा ।
21. फ्लिपकार्ट , फ्लिपकार्ट अड़वांज या विक्रेता एसबीआई द्वारा लेनदेन को स्वीकारने या एसबीआई को ज़िम्मेवार ठहराए जा सकने वाले किन्ही भी तकनीकी कारणों, जिनके चलते कार्डधारक द्वारा किया गया लेनदेन सफल नहीं हो पाया, के लिए बाध्यकारी नहीं होंगे। एसबीआई भरपाई करेगा और कार्डधारक द्वारा लेनदेन की असफल पूर्ति के लिए किए जाने वाले किन्ही भी दावों के प्रति फ्लिपकार्ट अड़वांज, फ्लिपकार्ट और विक्रेता को जिम्मेदार नहीं ठहरएगा। साथ ही, केवल एसबीआई स्वयं द्वारा राशियों के गलत विप्रेषणों के लिए ज़िम्मेवार होगा और इस संबंध में फ्लिपकार्ट , फ्लिपकार्ट अड़वांज या विक्रेताओ को संडाभित नहीं किया जाएगा।
22. इस ऑफर में सहभागिता करके आप इस ऑफर की शर्तों और निबंधनों, प्लैटफ़ार्म की मानक शर्तों और निबंधनों, उपयोग की शर्तों निजता नीति (समय-समय पर यथा आशोधित) और कोई भी अन्य दस्तावेज़ जोकि प्लैटफ़ार्म का उपयोग करते समय लागू हो सकते हैं, के प्रति बाध्यकारी होने की सहमति देते हैं और संबंधित विक्रेता की शर्तें और निबंधन कार्डधारक के लिए लागू होंगी।
23. कार्डधारक क्षतिपूर्ति करेगा और (i)प्लैटफ़ार्म पर प्रकाशित इन शर्तों और निबंधनों, उपयोगकर्ता करार की शर्तों , निजता नीति (परिवर्तन की शर्त के अधीन) के कार्डधारक द्वारा उल्लंघन (ii)कार्डधारक द्वारा लागू विधियों का उल्लंघन और (iii) ऐसी कोई कार्रवाई या कार्रवाई का न किया जाना , जिसे कार्ड धारक द्वारा जानबूझकर कदाचार या उदासीनता के परिणामस्वरूप फ्लिप कार्ट , एसबी ई और/या विक्रेता द्वारा सहन की जाने वाली क्सहती, देयता, लागत, व्यय दावे, मुकदमे और कार्यवाही (उचित न्यायवादी शुल्क सहित) के लिए फ्लिपकार्ट , फ्लिपकार्ट अड़वांज, एसबीआई और/या विक्रेता(ओं ) को ज़िम्मेवार नहीं माना जाएगा।
24. सभी सरकारी वसूलियों जैसेकि विक्रय कर ,टीडी एस, कोई स्थानीय कर, चुंगी आदि कार्डधारक द्वारा संबंधित ऑफर के समय यथालागू अनुसार कार्डधारक द्वारा अदा किए जाएंगे।
25. यह ऑफर सभी विद्यमान और किसी भी सांविधिक प्राधिकारी द्वारा किसी भी समय प्रचलन में लाए जाने लागू लागू विधियों, नियमों और विनियमों की शर्त के अधीन होगा ।
26. इस ऑफर के कारण उत्पन्न होने वाले कोई भी विवाद इस प्रयोजन हेतु एसबीआई और फ्लिपकार्ट अड़वांज द्वारा संयुक्त रूप से नियुक्त किए जाने वाले मध्यस्थ द्वारा मध्यस्थीकरण के अधीन होंगे। मध्यस्थीकरण की कार्यवाही मध्यस्थीकरण एवं समझौता अधिनियम, 1996 के प्रावधानों के अनुसार की जाएगाई। एसबीआई के लिए मध्यस्थीकरण का स्थान मू.म्बाई और मध्यस्थीकरण की भाषा अंग्रेजी होगी। यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है तो वह एसबीआई के विरुद्ध दावा नहीं माना जाएगा।
27. खरीदे गए सभी उत्पादों के संबंध में सभी देयता संबंधित विक्रेताओं की होगी और न तो , फ्लिपकार्ट अड़वांज और न ही एसबीआई किसी भी प्रकार से इसके लिए ज़िम्मेवार होंगे।

28. यह ऑफर केवल भारत में वैध है। कार्डधारक की नुनतम आयु 18 वर्ष होगी।
29. साथ ही, जैसाकि लागू विधि द्वारा अपेक्षित है, जेबी भी कार्डधारक ₹ 2,,0000 के समकक्ष या इससे अधिक की कोई खरीद करे तब उसे खरीदी करने के 4 दिन के अंदर प्लैटफ़ार्म पर अपने पीएएन कार्ड की स्कैन की गयी प्रति अपलोड करनी होगी, ऐसा न होने पर कार्डधारक द्वारा की गयी खरीदी को रद्द कर दिया जाएगा। पीएएन कार्ड को प्रस्तुत करने की आवश्यकता केवल एक बार उत्पन्न होती है और यदि कार्डधारक उसे प्रस्तुत कर देता है तो उसे दोबारा प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है । कार्डधारक का आदेश उस स्थ्ति में रद्द कर दिया जाएगा जब कार्डधारक का  नाम और पीएएन कार्ड पर नाम अलग-अलग हों।
30. यह प्रलेख सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 और उसके अधीन यथालागू नियमों और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 द्वारा यथा आशोधित विभिन्न विधियान जोकि इलेक्ट्रानिक रिकार्डो से संबंधित है के आशोधित प्रावधानों के अनुसार इलेक्ट्रानिक रिकर्ड है । यह इलेक्ट्रानिक रिकर्ड कंप्यूटर प्रणाली द्वारा सृजित किया गया है और इस पर किसी भौतिक या डिजिटल हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।